Regarding need to provide houses under PM Awas Gramin Yojana-laid

श्री राहुल कस्वां (चुरू) : भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरूआत की गई थी, इस योजना में त्रुटियां होने के कारण आज भी काफी पात्र लोग इस योजना से वंचित है । मेरे चुरू जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2021-22 में 6800 परिवारों को आवास आवंटित किया गया था, उसके बाद कोई टारगेट नहीं आया है, मार्च 2024 तक 24633 पात्र परिवारों प्रतिक्षा सूची में है । प्रधानमंत्री आवास योजना का पोर्टल गत तीन वर्ष से बंद पड़ा है । अतः मेरा अनुरोध है कि पुरानी गाइड लाइन में परिवर्तन कर इस योजना में आने वाली कमीयों को दूर किया जावे एंव प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रतिवर्ष लक्ष्य तय कर पात्र व्यक्तियों को इस योजना में शामिल करते हुए प्रतिक्षा सूची के सभी शहरी एंव ग्रामीण क्षेत्र के पात्र लोगों को आवास उपलब्ध करवाये जावे ।